न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट शाहपुरा जिला जयपुर

पीठासीन अधिकारी :– श्री संजीव कुमार, आर ए एस
प्रार्थना पत्र संख्या :– 245/2025

उनवान

1.रूकमणी देवी पत्नी नन्छू बुनकर जाति बलाई निवासी वार्ड नं0 06 खोरालाडखानी तहसील शाहपुरा जिला जयपुर राजस्थान

प्रार्थीया

बनाम

1.राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार शाहपुरा जिला जयपुर(राज.)

अप्रार्थी

उपस्थित 1 श्री नरेश कुमार आत्रेय अधिवक्ता(प्रार्थीया)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट दुरूस्ती इन्द्राज

आदेश दिनांक 10/10/25

प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी के द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट के तहत पेश किया गया कि प्रार्थीया की हाल आराजी खसरा नंबर 3762,3763,3764,3765,3766 कुल किता 05 रकबा 0.8600 हैक्टर वाकै ग्राम खोरालाडखानी पटवार हल्का–खोरालाडखानी तहसील शाहपुरा जिला जयपुर राज. में स्थित है, उक्त वर्णित आराजी के सम्पूर्ण भाग में प्रार्थीया के पति मृतक का हिस्सा 1/5 है। व प्रार्थीया के पति नन्छू बुनकर पुत्र बिरदूराम बुनकर का देहान्त 18.10.2021 को हो चुका है। प्रार्थीया के पति के कागजात इत्यादि में नन्छू बुनकर पुत्र बिरदूराम बुनकर है। यह कि प्रार्थीया द्वारा अपनी उक्त आराजीयात का किसान केडिट कार्ड की सुविधा व विरासत का नामान्तरण खुलाते समय उक्त प्रविष्टी की जानकारी हुई इस कारण राजस्व रिकार्ड में यही नाम दुरूस्त कराने के लिए श्रीमान के समक्ष प्रार्थना–पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है। प्रार्थीया के पति का जमाबंदी राजस्व रिकार्ड में नन्दु पुत्र बिरदा अंकित हो गया है। प्रार्थीया के पति का नाम नन्दु पुत्र बिरदा के स्थान पर नन्छु बुनकर पुत्र बिरदूराम बुनकर दुरूस्त किया जाकर तदानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किये जाने बाबत निवेदन किया ।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस जारी किया गया । अप्रार्थी के ओर से कोई जवाब पेश नहीं किया गया। प्रकरण बहस हेतु नीयत किया गया । वकील प्रार्थीया ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थीया के पति का नाम दुरूस्त करने हेतु निवेदन किया ।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रस्तुत दस्तावेज व प्रार्थीया वकील की बहस पर मनन किया। प्रार्थीया द्वारा पेश दस्तावेजात में प्रार्थीया के पति का नाम नन्छु बुनकर पुत्र बिरदूराम बुनकर दर्ज है अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उपरोक्त आराजी में प्रार्थीया के पति का नाम नन्छु बुनकर पुत्र बिरदूराम बुनकर दुरूस्त किया जाना उचित समझते है।

उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा जिला–जयपुर (राज.)

आदेश

अतः प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र बाबत 136 एल आर एक्ट स्वीकार किया जाकर तहसीलदार शाहपुरा को आदेशित किया जाता है कि यदि राजहित प्रभावित नहीं हो तो हाल आराजी खसरा नंबर 3762,3763,3764,3765,3766 कुल किता 05 रकबा 0.8600 हैक्टर वाकै ग्राम खोरालाडखानी पटवार हल्का–खोरालाडखानी तहसील शाहपुरा जिला जयपुर राज.में प्रार्थीया के पति का नाम नन्दु पुत्र बिरदा के स्थान पर नन्छु बुनकर पुत्र बिरदूराम बुनकर राजस्व रिकार्ड में इन्द्राज करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार शाहपुरा को राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करने हेतु तहरीर जारी हों। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 10/10/25 को सुनाया गया ।

(संजीव कुमार)
उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा
जिला जयपुर

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान